Reg. No. : ....

Name : ....

105

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2024

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5×1=5)**

1. 'अरे आ गई है भूली-सी...' – कौन आ गई है ?

   (वर्षा ऋतु, मधुऋतु, शरद् ऋतु)

2. 'हेमा' किस कहानी का पात्र है ?

   (दुख, अनुताप, अपराध)

Score

3. 'चाँद और कवि' किसकी कविता है ?

   (देवताले की, प्रसाद की, दिनकर की)

4. 'अनुताप' किस विधा की रचना है ?

   (कविता, लघु-कथा, उपन्यास)

5. कवि पवन करण की कविता इनमें कौन-सी है ?

   (कहना नहीं आता, मधुऋतु, अनुताप)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

पत्थर की बेंच

जिसपर रोता हुआ बच्चा

बिस्कुट कुतरते चुप हो रहा है

जिसपर एक थका युवक

अपने कुचले हुए सपनों को सहला रहा है

जिसपर हाथों से आँखें ढाँप

एक रिटायर्ड बूढ़ा भर दोपहरी सो रहा है

जिसपर वे दोनों

ज़िंदगी के सपने बुन रहे हैं

Score

6. रोता हुआ बच्चा क्या कुतरकर चुप हो रहा है ? (1)
(बिस्कुट, केक, हलवा)

7. रिटायर्ड बूढ़ा क्या कर रहा है ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2×2=4)

9. "बाबुजी, असलम नहीं रहा" ... – कौन कहता है ? किससे ?

10. 'सिर के कपड़े को आगे खींच स्त्री ने कहा ।' –
नीचे दिए शब्दों के समानार्थी शब्द वाक्य से चुनकर लिखें ।
वस्त्र, औरत

11. 'स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दे रोज़ ही आकाश चढ़ते आ रहे हैं ये' –
किसको खबर कर देनी है ?
आदमी रोज़ कहाँ चढ़ते आ रहे हैं ?

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×4=12)

12. ये कथन पढ़ें और बीरबलसिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- मुझे यह हुक़्म है कि जुलूस
  यहाँ से आगे न जाने पाए ।

- अहिंसा के व्रतधारियों पर डंडे
  बरसाना और बात है हिंसक
  भीड़ का सामना करना और ।

Score

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और जयशंकर प्रसाद के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

जीवन-वृत्त		
नाम	:	जयशंकर प्रसाद
जन्म	:	30 जनवरी 1889, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	झरना, आँसू, लहर, कामायनी
मृत्यु	:	14 जनवरी 1937

14. सही मिलान करें ।

• सुंदर लिपि में लिखना	• बूढ़ा आदमी
• बीस डॉलर देना	• संभ्रांत महिला
• रेलगाड़ी से बीज फेंकना	• बेंजमिन फ्रैंक्लीन
• आम की गुठलियाँ बोना	• बैंक का क्लर्क

15. दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजौं आपना, मुझ-सा बुरा न कोय ।।

Score

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें ।

छोटी-सी घटना है, लेकिन एक सबक सिखाती है । बात तो सच थी कि टिकट बाबू का काम बहुत बढ़ गया था । युद्ध के कारण सभी महकमों का यही हाल है । जिन्होंने ताने कसे उनके खिलाफ उसका दिल कड़ा हो गया । मैंने सहानुभूति दर्शाई तो उसका हृदय मोम-सा हो गया और उसने केवल मुझे ही नहीं बल्कि दूसरों को भी जल्दी-जल्दी टिकट देना शुरू किया । सहानुभूति के उन थोड़े से शब्दों ने उसे नई ताकत दी ।

16. टिकट बाबू को नई ताकत कैसे मिली ? **(2)**

17. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 18 से 21 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(3×6=18)**

18. मान लें, आपके स्कूल में एन.एस.एस. यूनिट (NSS Unit) द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक मेडिकल कैंप (medical camp) का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

19. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Mini : Hai Veena, how is your studies ?

Veena : It is going good.

Mini : That is nice to hear.

Veena : But Maths is difficult. Can you help me ?

Mini : Sure, I will. Come to home.

Veena : Thank you so much.

(Maths – गणित,

difficult – मुश्किल,

help – मदद)

Score

20. 'अपराध' कहानी का बड़ा भाई खड़ब्बल के खेल के बाद हुई घटना पर दुखी था । वह अपनी डायरी में यह लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- छोटे भाई का झूठ बोलना
- पिताजी से मार खाना
- छोटे भाई की ओर प्रतीक्षा से देखना

21. बीस डॉलर, गरीब विद्यार्थी से दूसरे ज़रूरतमंद विद्यार्थी के हाथ पहुँचता है । वह देते समय दोनों के बीच की बातचीत लिखें ।

- ज़रूरतमंद विद्यार्थी द्वारा सहायता माँगना
- बेंजमिन फ्रैंक्लीन की बात कहना
- अगले ज़रूरतमंद को देने का निर्देश

सूचना : 22 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×8=24)

22. बाज़ार में एक नया मोबाइल फोन (mobile phone) आया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- लंबे समय तक चलनेवाली बैटरी
- क्रिस्टल स्पष्ट प्रदर्शन (Crystal Clear Display)
- 108 पिक्सेल कैमरा (108 Pixel Camera)

Score

23. सही मिलान करें ।

Resource	सार्वजनिक
Important	अंतर्जाल
Cancel	साझा करें
Symbol	संसाधन
Public	महत्वपूर्ण
Privacy	रद्द करें
Share	गोपनीयता
Internet	संकेत

24. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- फिल्म का सार
- फिल्म का विश्लेषण
- अपना दृष्टिकोण

25. आजकल सड़क दुर्घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं । उसकी रोकधाम के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए मनोज कुमार, तारा विहार, पालक्काड़ की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, सड़क परिवहन विभाग, केरल सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।